ई मेल: pmdehradun@gmail.com

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (विद्युत),
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम,
हाऊस नं0–7, मेघ एनक्लेव, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून

पत्रांक 549 / निविदा / 24 दिनांक- 27/05/2017

निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित विवरण के अनुसार मोहर बंद निविदायें 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत ठेकेदारों एवं अधिकृत डीलरों/वितरकों से दि0 13.06.17 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में तथा कार्यालय निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून में 12.06.17 तक आमन्त्रित की जाती हैं। जो दिनांक 13.06.17 को उपस्थित ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र 12.06.17 तक कार्य दिवसों में सुबह 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से, कार्यालय निर्माण इकाई, देहरादून से प्राप्त की जा सकती है

क0 सं0	निर्माण कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य व्यापार कर सहित	धरोहर धनराशि (रु0)	कार्यों को पूर्ण करने की अवधि
1	निदेशालय,पशुपालन विभाग, मोथरोवाला, देहरादून में फायर अलार्म सिस्टम से सम्बन्धित कार्य।	मूल्य रू0 500+व्यापार कर अतिरिक्त कुल रू0 573.00	23500.00	12माह

1. प्रपत्र का मूल्य केवल डि0 ड्राफ्ट जो कि परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (विद्युत), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून के पद नाम पर देय हो, प्रस्तुत करने करने पर निविदा प्रपत्र की प्रति निर्गत की जायेगी।
2. धरोहर धनराशि भारत में किसी भी अनुसूचित बैंक की सावधि जमा रसीद/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में जो कि परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई(विद्युत), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून के नाम बन्धक हो ली जायेगी। धरोहर धनराशि के बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. प्रतिभूति राशि, स्वीकृति हेतु दरें तीन माह तक वैध होने का प्रमाण पत्र (रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगा हो) संलग्न किया जाना आवष्यक है। अनुबन्ध हेतु स्टाम्प ड्यूटी नियमानुसार देय होगी।
4. निर्धारित निविदा प्रपत्र, परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई(विद्युत), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून के कार्यालय से पंजीकरण प्रमाण.पत्र दिखाकर एवं निविदा के मूल्य तथा व्यापार कर सहित का डि0 ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदादाता निविदा डालने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण भली–भाँति कर लें तथा कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों से भली–भाँति अवगत हो लें, इस हेतु बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. दरें अद्योहस्ताक्षरी एवं उल्लिखित कार्यालयों से खरीदे गये निविदा प्रपत्र के शैडयूल ''जी'' पर ही स्वीकार की जायेगी एवं स्पष्ट रूप से अंकित करनी होंगी तथा कटिंग होने पर दरें हस्ताक्षरित करनी होगी।
7. निविदा प्रपत्र केवल वॉछित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों को ही मूल पंजीकरण प्रप पत्र दिखाने पर विकय किये जायेंगे।
8. सशर्त एवं अपूर्ण निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मॉगे जाने पर निविदा प्रपत्र का मूल्य व्यापार कर सहित रू0 668.00 होगा जो कि डि0ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
10. कार्यों में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री एवं कार्यो का सम्पादन भारतीय मानक ब्यूरो तथा उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग के मानकों एवं विशिष्टियों के अनुसार किया जायेगा।
11. निर्माण इकाई एवं महाप्रबन्धक कार्यालय में कोई सगा –सम्बन्धी नहीं होने का प्रमाण पत्र रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर भरकर निविदा प्रपत्र के साथ चस्पा करना होगा। (प्रारूप निविदा के साथ संलग्न है) इस शर्तो को पूरा न करने वाले निविदादाताओं की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. यह आइटम दरें आमन्त्रण/निविदा सूचना, निविदाओं का ही एक हिस्सा है एवं इसकी शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित शर्तो के साथ–साथ ठेकेदार को मान्य होंगी।
13. यह आइटम दरें आमन्त्रण/निविदा सूचना, निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
14. अन्य सभी शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होंगी, जिन्हें कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में देखा जा सकता है।
15. निविदा स्वीकार होने पर समस्त टैक्स/कटौतियॉ शासन के नियमानुसार ठेकेदार के देयक से काटी जायेंगी।
16. निविदा में आमन्त्रित शैडयूल 'जी' के आइटमों में स्थल/वास्तविकता के अनुसार मात्रा घट/बढ़ सकती है।

(प्रवीण कुमार राय)
परियोजना प्रबन्धक

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य महाप्रबन्धक, निर्माण विंग, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
2. महाप्रबन्धक (गढ़वाल), निर्माण विंग, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
3. परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून को उपरोक्त प्रपत्रों की दो–दो प्रतियों के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. अधि0अभि0 (मु0),उत्तराखण्ड पेयजल निगम,11–मोहिनी रोड, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करेंगे।
5. श्री गगन यादव, स्थानिक अभियन्ता।
6. यूनिट लेखाकार/संगणक।
7. सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. मैसर्स...

Gunjan Singh Malwa
Upload it

3/6/17
परियोजना प्रबन्धक